Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **प्रतापगढ़ में डिस्कॉम के तकनीकी सहायक को 10 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *15 फरवरी।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की प्रतापगढ़ इकाई द्वारा आज सोमवार को कार्यवाही करते हुये तकनीकी सहायक, जी.एस.एस. नया जोरिया, ए.ई.एन धारियावाद प्रतापगढ़ राजेन्द्र कुमार बैरवा को 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की प्रतापगढ़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके घरेलू कनेक्शन के विरूद्ध भरी गई वी.सी.आर. को निरस्त करवाने की एवज में तकनीकी सहायक, जी.एस.एस. नया जोरिया, ए.ई.एन धारियावाद प्रतापगढ़ राजेन्द्र कुमार बैरवा द्वारा 12 हजार रूपये की रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी प्रतापगढ़ के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गोवर्धन लाल** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज अपनी टीम के साथ ट्रेप कार्यवाही करते हुये **राजेन्द्र कुमार बैरवा** पुत्र श्री जगदीश जी निवासी दबारकपुरा, चाकसू, जिला जयपुर हाल तकनीकी सहायक, जी.एस.एस. नया जोरिया, ए.ई.एन धारियावाद प्रतापगढ़ को परिवादी से 10 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के संबंधित अधिकारियों के निर्देशन में ए.सी.बी. टीमों द्वारा आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।